

**एक नजर में**

### डॉ . राव ज्योतिष विद्या विशारद सम्मान से सम्मानित



**देवास।** माँ भुवनेश्वरी ज्योतिष वास्तु कर्मकांड शोध संस्था इंदौर द्वारा आयोजित नवम ज्योतिष वास्तु महोत्सव एवं देवज्ञ सम्मान समारोह 8 एवं 9 नवम्बर 2025 को इंदौर नर्सिंग वाटिका में आयोजित किया गया। जिसमें संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संस्थापक पंडित संतोष भार्गव ,पंडित राम चंद्र शर्मा वैदिक की अध्यक्षता में मीना राव को ज्योतिष विद्या विशारद सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जानी मानी हस्तियां महामंडलेश्वर प्रेमानंद महाराज, पूर्व राज्यमंत्री पंडित योगेन्द्र महन्त आदि देश के कोने कोने से अनेक विद्वान उपस्थित हुए। मीनाराव के सम्मानित होने पर इष्ट मित्रों ने बधाई दी।

### जंतर मंतर दिल्ली में ओपीएस बहाली की गूंज : सेंधव



**देवास।** आजाद अध्यापक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह सेंधव ने बताया कि डॉ मंजीत सिंह पटेल राष्ट्रीय अध्यक्ष ऑल इंडिया एनपीएस एम्पलाइज फेडरेशन के नेतृत्व में एवं आजाद अध्यापक शिक्षक मध्य प्रदेश के प्रांत अध्यक्ष भरत पटेल के आह्वान पर मध्य प्रदेश के समस्त शिक्षक संवर्ग सहित देश के कई राज्यों से आए हुए समस्त एनपीएस एवं यूपीएस धारी शासकीय कर्मचारी संगठनों का 09 नवंबर को जंतर मंतर नई दिल्ली में ओपीएस बहाली के लिए ऐतिहासिक धरना प्रदर्शन सार्थक एवं सफल रहा। जिसके ही परिणामस्वरूप केंद्रीय राज्य मंत्री के साथ वार्ता के लिए 11नवंबर 2025 को एक डेलिगेशन केंद्र सरकार ने आमंत्रित किया है। साथ ही राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. मंजीत सिंह पटेल , प्रदेश अध्यक्ष भरत पटेल ने 2026 तक पुरानी पेंशन बहाली का आश्वासन समस्त विभाग के कर्मचारियों को दिया है। जो अत्यंत ही हर्ष और उल्लास का विषय है, जिस पर केंद्र सरकार से सकारात्मक आश्वासन प्राप्त हुए हैं।

### दंतोपंत ठेगड़ी की जन्म जयंती मनाई



**देवास।** भारतीय जनता निर्माण श्रमिक संघ के प्रदेश महामंत्री माखनसिंह धाकड़ ने बताया कि ट्रेड यूनियन नेता दंतोपंत ठेगड़ी की जन्म जयंति के पावन अवसर पर भारतीय मजदूर संघ से सम्बंधित म.प्र. कंस्ट्रक्शन मजदूर महासंघ ने ठेगड़ी जी के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर अतिथि के रूप में म.प्र. भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल सदस्य लोकेश विजयवर्गीय, पर्यावरण मंच संयोजक आलोक पायलेट, इंजीनियरिंग श्रमिक संगठन महामंत्री महेन्द्रसिंह परिहार, कार्यकारी जिला अध्यक्ष उर्मिला करंजिया, अरविंद जनोलिया, राजेश राठौर, ओमप्रकाश ठाकुर, अच्छेलाल पटेल, उमेश करंजिया, धर्मेन्द्र राठौर उपस्थित थे।

### अजाक्स संघ देवास की बैठक संपन्न

**देवास।** मध्यप्रदेश अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ देवास में जिला स्तरीय विशेष बैठक रखी गई। सर्व प्रथम डॉ भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया तत्पश्चात कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पीरुलाल मालवीय पूर्व तहसील अध्यक्ष हाटपिपल्या, मुख्य अतिथि सीमा चौहान कार्यवाहक जिला अध्यक्ष ,विशेष अतिथि, विक्रम सिंह परमार (बागली) संभागीय सचिव उज्जैन, हेमराज गोखले संभागीय महासचिव, बैठक में प्रांतीय अजाक्स संघ के निर्देशानुसार आवश्यक बिन्दुओं के प्रमुख बिंदु दिनांक 23 नवम्बर 2025 रविवार को विशाल महारैली भोपाल में लगभग एक हजार व्यक्तियों को पहुंचना है, इस संबंध में सभी ने अपने अपने विचार रखे और व्यवस्था, प्रयोजन सहित जवाबदारी ली है। इस अवसर पर सदस्य देवकरण सोलंकी, राकेश सोलंकी ब्लॉक अध्यक्ष टोंक खुर्द, जगदीश मालवीय , दिलीप बारीया, रामचंद्र सोलंकी युवा छात्रसंघ जयंत सिसोदीया, विजय केसरिया आदि सम्मिलित रहे। संचालन झरोका ने किया आभार हीरालाल चक्रवर्ती ब्लॉक अध्यक्ष ने माना।

### पूर्व मंत्री अरूण यादव सतवास पहुंचे

**सतवास।** पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव रविवार को अपने अल्प प्रवास पर सतवास क्षेत्र पहुंचे सतवास पहुंच ने पर पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष सुनील तिवारी , अमरजीत सिंह चड्ढा मित्र मंडल ने सतवास बस स्टैंड पर गर्म जोशी से स्वागत किया। सतवास के बाद ग्राम बाई जगवाड़ा में सत्यनारायण कल्या के निवास पर पहुंचे वहां , जगदीश जी कल्या, सत्यनारायण कल्या देवीलाल पटेल, नबा पटेल,अंतिम सोलंकी शंकर पटेल आदि ने साफा माला से स्वागत किया गया। अरुण यादव ने हाल ही में हुए युवक कांग्रेस चुनाव में नव निर्वाचित युवक कांग्रेस ब्लाकअध्यक्ष कपिल पटेल सतवास एवं अर्पित जायसवाल काटाफोड़ का स्वागत किया। कलम फाटा चौराहा पर पर राम पटेल मित्र मंडल एवं क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं एवं नेताओं ने यादव का स्वागत किया। ग्राम घासड में कांग्रेस नेता मांगीलाल पटेल द्वारा उनके निवास पर अरुण यादव का स्वागत किया गया। उसके बाद कांग्रेस नेता बंजारा समाज के वरिष्ठ जिला पंचायत सदस्य अमान सिंह चौहान के निधन पर उनके निवास घासड में पहुंच कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर भामर में ओम पटेल की माताजी के निधन पर श्रद्धां सुमन अर्पित करने पहुंचे, उन्होंने कहा की दुख की इस घड़ी में ओर कांग्रेस परिवार आपके साथ हैं। उनके साथ पूर्व जनपद अध्यक्ष ओम पटेल, पीसीसी सदस्य मनोज होलानी, बंटू गुर्जर , राधेश्याम कलिया, देवीलाल पटेल, सुनील सारण,विजय सिंह गौड़, अंतिम सोलंकी, राजू यादव,सुनील यादव, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष प्रति निधि वहीद सदर, रमजान खान, कंवर खान, इमरत नेता इरफान खान, नरेंद्रयादव,रामनिवास डूडी, मीत भाटिया, मुकेश राठौर सहित बड़ी संख्या मे कांग्रेस नेता कार्यकर्ता शामिल थे।

### जोशी के निधन पर दी श्रद्धांजलि

**देवास।** ग्राम गुडबेल के पूर्व सरपंच पं सत्यनारायण जोशी के पिता मदन लाल जोशी के दुखद निधन पर संपूर्ण क्षेत्रवासियों ने श्रद्धांजलि अर्पित कि हैं।



श्री जोशी धार्मिक पृष्ठभूमि के व्यक्ति थे एवं समाजसेवी होकर के सभी क्षेत्रवासियों के सुख दुख में काम आते थे दुखद निधन पर क्षेत्रीय विधायक खातेगांव पंडित आशीष शर्मा नारायण व्यास जयप्रकाश शर्मा पवन हिंदू अखिलेश पंचोली राजेंद्र पंचोली शिव प्रसाद जोशी चिंटू जोशी दीनू दादा जोशी महेश दुबे विजय बैरागी कैलाश पुरोहित पंडित शिव प्रसाद पुरोहित जगदीश प्रसाद शर्मा कृष्णकांत कुंडल लखन लाल जोशी दिनेश पंचोली मुकेश पटेल दीपक पटेल निलेश जोशी राजेश जोशी अभिषेक पंचोली आनंद जोशी बंटी पंचोली आदि क्षेत्र वासियों ने श्रद्धांजलि दी है।

# गजरा गियर्स प्रबंधन पर श्रमिकों के गंभीर आरोप, तीन साल से नहीं दिया बोनस

**तीन साल से बोनस नहीं दिया**

**फैक्टरी प्रबंधन ने बगैर कारण बताए 2 श्रमिकों को दिखाया बाहर का रास्ता**

**देवास।** जहां एक ओर मध्यप्रदेश सरकार औद्योगिक क्षेत्र नगरी देवास में उद्योगों को बढ़ावा देने की बात कर रही है और रोजगार देने का दावा कर रही है। वहीं दूसरी ओर शहर के पुराने उद्योग धीरे-धीरे बंद होते जा रहे है। वहीं कुछ बड़े उद्योगपति अपने श्रमिकों को बोनस नहीं दे रहे है और बगैर कारण बताए छंटनी भी कर रहे है। ऐसे में हजारों श्रमिकों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। हम बात कर रहे है शहर के सबसे पुराने व प्रतिष्ठित औद्योगिक घराने की कंपनी गजरा गियर्स की, जहां पर वर्तमान में 800 स्थायी, अस्थायी श्रमिकों के अलावा 200 स्टाफ के अधिकारी-कर्मचारी कार्यरत है। इस तरह इस फैक्टरी से 1 हजार लोगों के घर चल रहे है, किंतु दुर्भाग्य है कि फैक्टरी प्रबंधन ने पिछले तीन वर्ष से श्रमिकों को बोनस नहीं दिया है। श्रमिकों की माने तो वर्ष 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 का बोनस भुगतान नहीं किया गया है। कई बार श्रमिक संगठनों ने श्रम पदाधिकारी देवास व श्रम आयुक्त इंदौर को लिखित शिकायत भी की है, किंतु आज तक इन शिकायतों का निराकरण नहीं हुआ है। पूर्व में 12 दिन के समयावधि का वेतन प्रबंधन द्वारा मनमानी करते हुए अनुचित कटौती की थी एवं माह जुलाई 2023 में फैक्टरी में तालाबंदी कर दी थी। उसके बाद न्यायालय द्वारा उसका भी लाभ श्रमिकों को आज तक नहीं दिया गया है। श्रमिकों का





आरोप है कि न्यायालय द्वारा दिए गए वेतन समझौते आदि का लाभ श्रमिकों को नहीं दिया सके, इसीलिए प्रबंधन द्वारा श्रमिकों को अनुचित रूप से डराया-धमकाया जा रहा है और उन पर त्यागपत्र देने का दबाव बनाया जा रहा है, जो श्रमिक त्याग पत्र देने से इंकार कर रहे है, उन्हें अवैध तरीके से निकाला जा रहा है। ऐसे कर्मचारियों को भी बाहर का रास्ता दिखाया गया है, जो 35-56 वर्ष के हो चुके है, जिन्हें अब अन्य फैक्टरी में काम नहीं मिल सकता है। श्रमिकों ने बताया कि वेतनवृद्धि समझौता जनवरी 2023 से नहीं हुआ है। जबकि न्यायाधिकरण इंदौर द्वारा श्रमिकों को सही वेतन का लाभ उनके काम के अनुसार मिल सके, ऐसे आदेश जारी किए थे, जिसमें श्रमिकों का पिछले 4 वर्षों में लगभग 7 से 8 हजार की वेतन बढ़ोत्तरी होना थी, जिसका लाभ अभी तक नहीं मिला है। दुर्भाग्य इस बात का है कि जो यूनियन पिछले कई वर्षों से श्रमिकों के नाम पर अपनी धाक प्रबंधन पर जमाती आई है, आज उन्हीं यूनियनों के पदाधिकारी मौन बैठे हुए है। कारखाने में श्रमिकों की दो बड़ी यूनियन बीएमएस व इंटक है, जहां तक इंटक का सवाल है, तो वह कांग्रेस समर्थित है व बीएमएस यूनियन सत्ताधारी दल भाजपा समर्थित है। अब सवाल यह उठता है कि प्रदेश व केंद्र में भाजपा की सरकार है, ऐसे में भाजपा समर्थित यूनियन बीएमएस श्रमिकों के हितों के लिए आवाज क्यों नहीं उठा पा रही है। इससे साफ जाहिर होता है कि दोनों प्रमुख यूनियनों के पदाधिकारी प्रबंधन के सामने बेबस है। इस संबंध में गजरा गियर्स कंपनी के एचआर अधिकारी जे.पी. सिंह से चर्चा करने का प्रयास किया गया, किंतु उनसे संपर्क नहीं हो सका।

### जिसे सम्मान मिला उसे कर दिया नौकरी से बेदखल

गजरा गियर्स प्रबंधन ने भी एक ऐसा कारनामा किया है, जो चौंकाने वाला है। सन् 2020 में जिस श्रमिक सालगराम सकलेचा को बेस्ट श्रमिक का अवार्ड दिया गया, जिसे ही अब 2025 में नौकरी से बेदखल कर दिया गया। 58 वर्षीय सकलेचा ने बताया कि वे पिछले 28 वर्ष से गजरा गियर्स में हिटट्रीटमेंट प्लांट क्रमांक 210 में कार्यरत थे और सेवानिवृत्त में उन्हें मात्र 18 माह शेष है, किंतु प्रबंधन ने मुझे नौकरी से हटाने के लिए पहले त्यागपत्र देने के लिए दबाव बनाया, और जब मैंने त्यागपत्र नहीं दिया तो मुझे बगैर किसी कारण के गत 27 अक्टूबर को नौकरी से हटा दिया गया है। अब चूंकि मेरी 58 वर्ष की उम्र हो चुकी है और अब मुझे अन्य किसी कंपनी में काम नहीं मिलेगा, ऐसी स्थिति में मेरे परिवार के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है।

### रिटायरमेंट के मात्र 15 माह शेष थे

श्रमिक रमेश दांगी 58 वर्ष ने बताया कि उन्होंने पिछले 24 वर्ष तक पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ नौकरी की और अब जब रिटायरमेंट के मात्र 15 माह शेष थे, तब उन्हें 27 अक्टूबर को नौकरी से हटा दिया गया। इतना ही नहीं 24 साल तक कंपनी में नौकरी करने वाले रमेश दांगी को मुख्य द्वार से ही वापस घर भेज दिया गया। यह एक समर्पित श्रमिक का अपमान भी है। इन दोनों श्रमिकों ने फैक्टरी प्रबंधन की शिकायत कलेक्टर की जनसुनवाई से लेकर जिला श्रम अधिकारी व श्रम आयुक्त तक को की है, किंतु अभी तक उन्हें न्याय नहीं मिला है। दोनों श्रमिक व उनके परिजन आला अधिकारियों से न्याय की उम्मीद लगाए बैठे है। सकलेचा व दांगी का कहना है कि वैसे हमारा वेतन 23 हजार रुपये प्रतिमाह था, किंतु अब हमें प्रबंधन द्वारा 9 हजार रुपये प्रतिमाह के हिसाब से बचे हुए महीने के पैसे दिए जाएंगे, जो कि काफी कम है। हम इस लड़ाई को न्याय तक ले जाएंगे। उन्होंने इस बात पर दुख व्यक्त किया कि ऐसे समय हमारी यूनियन भी हमारा साथ नहीं दे रही है।

## 11 साल की बालिका से दुष्कर्म

**देवास।** खेत से अपने घर लौट रही 11 साल की बालिका को बहाने से बुलाकर एक नशेड़ी ने मुंह पर कपड़ा बांधकर दुष्कर्म किया और फिर फरार हो गया। घटना उदयनगर पुलिस थाना क्षेत्र के तहत ग्राम चंदुपूरा की रविवार शाम की है। गंभीर हालत में करीब एक किमी पैदल चलने के बाद बालिका अपने घर पहुंची और स्वजनों को बताया। इसके बाद मामला पुलिस तक पहुंचा। बालिका ने बताया आरोपित ने गोबर की टोकरी उठवाने के बहाने से बुलाया था। मामले में पुलिस ने आरोपित सतीश निवासी चंदुपूरा के विरुद्ध दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज करके उसकी तलाश शुरू की है। बालिका को गंभीर हालत में उपचार के लिए देवास रवाना किया गया। उदयनगर थाना प्रभारी दर्शना मुजाल्दा ने बताया आरोपित की तलाश में पुलिस टीम को रवाना किया गया है। बताया जा रहा है कि आरोपित दो बच्चों का पिता है और नशे का आदी है। पूर्व में भी वो एक कल्याणी महिला के साथ छेड़छाड़ कर चुका है। आरोपित की तलाश में ग्रामीणजन भी सहयोग कर रहे हैं घटना की जानकारी मिलने के बाद आरोपित के स्वजन अपने मकान में ताला लगाकर कहीं बाहर चले गए हैं। एसडीओपी बागली सृष्टि भार्गव ने बताया आसपास के थानों की टीमों को भी आरोपित की धरपकड़ के लिए निर्देशित किया गया है।

## लायंस क्लब ऑफ देवास सिटी सर्वश्रेष्ठ सेवा सप्ताह अवार्ड से सम्मानित

**देवास।** समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए लायंस क्लब ऑफ देवास सिटी को लायंस क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 जी-1 द्वारा आयोजित सेवा सप्ताह सम्मान समारोह में सर्वश्रेष्ठ लायन सेवा सप्ताह अवार्ड से सम्मानित किया गया। अवार्ड सेरेमनी में यह सम्मान क्लब अध्यक्ष लायन मनोज बिंदल, सचिव लायन भगवान गोयल एवं कोषाध्यक्ष लायन अनिल नागर को प्रदान किया। लायंस क्लब ऑफ देवास सिटी की पूरी टीम ने निर्धारित लक्ष्य के साथ कई प्रभावी



सामाजिक गतिविधियां संचालित की। इंदौर में आयोजित इस सम्मान समारोह में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन अनिल खंडेलवाल एवं सेवा सप्ताह डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर डॉ. राजेंद्र सोडानी की उपस्थिति में पुरस्कार प्रदान किए गए, अतिथियों द्वारा विभिन्न क्लबो के द्वारा उनके समर्पण के साथ किए गए सामाजिक कार्यों की सराहना की। इस सम्मान समारोह में 400 से अधिक क्लब पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। इस उपलब्धि पर क्लब सदस्य एमजेएफ लायन औसाफ कुरैशी, लायन एम.के. नागर, लायन आर. सी. पालीवाल, एमजेएफ लायन डॉक्टर के. के. धूत, लायन डॉक्टर आर. सी. शर्मा, लायन डॉक्टर योगेश वालिम्बे, लायन डॉ. एम. बी. अग्रवाल, लायन डॉ प्रकाश गर्ग, लायन मांगीलाल अग्रवाल, लायन एम. एल. डाबी, लायन ओमप्रकाश बंसल, लायन डॉ. जसमत सिंह यादव, लायन दिनेश भूतड़ा, लायन प्रमोद गुप्ता, लायन अशोक जोशी, लायन सुरेश परवाल, लायन राधेश्याम सोनी, लायन अरुणा सोनी, लायन सलमा कुरैशी ने बधाई दी है।

## राज्य स्वास्थ्य मंत्री ने किया सिविल अस्पताल कन्नौद का निरीक्षण

**विधायक आशीष शर्मा के यहाँ जाकर शोक संवेदना व्यक्त की**

**कन्नौद।** लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल विधायक आशीष शर्मा यहाँ शोक संवेदना व्यक्त करने पहुचें पश्चात मंत्री के द्वारा सिविल अस्पताल कन्नौद का औचक निरीक्षण किया गया। बीएमओ डॉ लोकेश मीणा द्वारा बताया गया कि मंत्री के द्वारा अस्पताल में मरीजों को दी जा रही सेवाओं का सूक्ष्म रूप से निरीक्षण कर ओपीडी, मेडिसिन वितरण, पैथोलॉजी लैब ,जनरल वार्ड,



मेटरनिटी वार्ड, लेबर रूम आदि का निरीक्षण कर अस्पताल में भर्ती मरीजों से उनके स्वास्थ्य एवं मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली गई।

निरीक्षण के दौरान मरीजों की सुविधा हेतु किए जाने वाले अन्य कार्यों के लिए बीएमओ डॉ लोकेश मीणा ने अवगत कराया , मंत्री द्वारा अस्पताल की व्यवस्था एवं दी जा रही सुविधाओं के लिए संतोष व्यक्त किया ।निरीक्षण के दौरान एक मरीज के द्वारा अस्पताल के बाहर चप्पल निकलने पर हितग्राही का फूलमाला एवं शॉल से मंत्री द्वारा स्वागत किया गया व बताया गया कि अस्पताल में ऐसा व्यवहार सभी रोगी करने लगे तो अस्पताल में स्वच्छता रहेगी व अस्पताल मंदिर बन जावेगा । मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सरोजिनी जेम्स बेक के द्वारा राष्ट्रीय कार्यक्रमों में उपलब्धि ,संचालित हितग्राही मूलक योजनाओ तथा अस्पताल में दी जा रही सेवाओं एवं सुविधाओं की जानकारी मंत्री को दी गई । इस अवसर पर जनप्रतिनिधि एवं सिविल अस्पताल कन्नौद से डॉ शिवानी गुर्जर, डॉ जावेद खान, दिनेश साहू, प्रदीप पवार विनोद भंवर, ,श्री राम चौहान, हरीश शर्मा, बलराम बेनीवाल, रवि डोडवाल आदि उपस्थित रहे।

## गुप्ता ने गोवा में साइकिलिंग में रचा इतिहास





**देवास।** माँ चामुंडा और तुलजा भवानी की पावन नगरी देवास से जिला साइकिलिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष आशीष गुप्ता ने 09 नवंबर 2025 गोवा में 70.3 आयरनमैन ट्रायथलॉन चैलेज पूर्ण कर इतिहास रच दिया है। 1.9 किमी समुद्र में तैरना, फिर 90 किमी सायकल चलाना और फिर 21किमी दौड़ लगाना यह सब 8.30 घण्टे मे पूर्ण करना होता है, जो आशीष गुप्ता ने 7.32 घण्टे में सफलतापूर्वक पूर्ण किया। जिस सफर में पसीना था, तपस्या थी, समर्पण था आज वह सपना सच हुआ है। यह सिर्फ एक ट्रायथलॉन नहीं, बल्कि जज्बे, हिम्मत और अटूट इच्छाशक्ति की मिसाल है। एसोसिएशन के पदाधिकारी उपाध्यक्ष अभिषेक लाठी, गौरव कदम, पवन यादव, सचिव संदीप जाधव, सह सचिव पावन पाटिल, सुनील मालवीय, कोषाध्यक्ष भावेश वलंकर, सदस्य प्रीति पवार, सुमित शर्मा, उदय भावसार आदि ने बधाई दी।

## राष्ट्रगीत का सामूहिक गायन, सभापति ने दिलाई शपथ

**देवास।** राष्ट्रगीत वन्देमातम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर राज्य शासन के निर्देशानुसार समस्त नगरीय निकायों मे राष्ट्रगीत का सामुहिक गायन किये जाने की कडी मे 10 अक्टुबर को नगर निगम सभाग्रह मे आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे निगम सभापति रवि जैन, विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, आयुक्त दलीप कुमार सहित समस्त विभाग प्रमुख एवं कर्मचारीगणों ने उपस्थित होकर सम्पूर्ण राष्टगीत का गायन किया गया।

इस अवसर पर सभापति श्री जैन ने उपस्थितजनों को शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर निगम उपायुक्त देवबाला पिपलोनिया, आरती खेडेकर, प्र. कार्यपालन यंत्री जगदीश वर्मा, सहायक यंत्री दिनेश चौहान, मुशाहीद हन्फी, लेखा अधिकारी दिलीप गर्ग, कार्यालय अधिक्षक अशोक देशमुख, सहायक नगर निवेशक अनुभूति श्रीवास्तव, स्टेनो कार्यालय से भोलासिह जादौन, हफीज मंसूरी, प्रमोद राव, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी महिमा जैन, उपयंत्री श्याम सुन्दर रघुवंशी, पलक श्रीवास्तव, चंदन सोनी, पलक श्रीवास्तव, जीवन रावत, राजस्व अधिकारी राम ठाकुर, स्वच्छता निरीक्षक भूषण पवार, हरेन्द्रसिह ठाकुर, रवि गोयनार, प्रवीण पाठक, सुर्यप्रकाश तिवारी, विकास शर्मा, गिरजेश शर्मा, अरूण तोमर, भाजपा नेता जितेन्द्र जायसवाल, कैलाश दशोरे एवं बडी संख्या मे निगम कर्मचारी उपस्थित रहे।


## आयुक्त ने सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण के दिए निर्देश

**देवास।** आयुक्त दलीप कुमार के द्वारा नगर निगम से संबंधित समयावधि पत्रों, कलेक्टर कार्यालय से शिकायती समस्या संबंधि आवेदनों के प्रस्तुत प्रतिवेदनों की समीक्षा के साथ ही सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण करने के निर्देश जारी किये गये। बैठक मे आयुक्त के द्वारा नगर निगम मे स्थापित एचटी विद्युत संयोजनों मे सिवरेज, जल प्रदाय योजनाओं मे पावर फैक्टर लगाकर मेंटेंन करें ताकि सरचार्ज नही लगे, साथ ही ट्रेंचिंग मैदान पर श्वानों के डॉग हाउस के शेष रहे कार्य को शीघ्र करने के निर्देश जारी किये गये। बैठक मे आयुक्त ने सड़क निर्माण एवं अन्य निर्माण कार्यो मे गारंटी पीरियड के कार्य हैं उनकी जांच करें तथा जो कार्य अधुरे हैं उन्हें शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश जारी किये गये। इसमे समस्त क्षेत्रीय उपयंत्री इस पर कार्य करेगें। बीमा रोड के सुधार हेतु कार्यादेश जारी होने के पश्चात भी कार्य प्रारंभ नही करने पर उपयंत्रियों को कार्य करवाने के सख्त निर्देश जारी किये गये। जिसमें ठेकेदार को सूचना पत्र जारी करने हेतु कहा गया। बैठक मे आयुक्त के द्वारा कालोनी सेल एवं बिल्डिंग परमीशन की समीक्षा की गई। जिसमें जिस व्यक्ति द्वारा नगर निगम मे जो भवन निर्माण कार्य का नक्शा पारित कराया गया उसके अनुसार ही निर्माण कार्य कराया गया है अथवा नहीं की जांच भी क्षेत्रीय उपयंत्री करे तथा शासकीय भूमि एवं प्रस्तावित एमआर की भूमियों पर कोई निर्माण कार्य नही होने पाये इसका भी ध्यान उपयंत्री रखेगें। बैठक मे आयुक्त के द्वारा सीएम हेल्पलाइन मे दर्ज शिकायतों की समीक्षा मे समस्त विभाग प्रमुखों को निर्देश जारी किये गये कि वे ग्रेडिंग वाली शिकायतों को प्रमुखता से निराकृत करें। लोक निर्माण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, आवास योजना विभाग अपनी शिकायतों के निराकरण 95 प्रतिशत तक करेगें। आयुक्त द्वारा सीएम मॉनिटरिंग मे दर्ज त्रुटीपूर्ण दस्तावेज प्रस्तुत कर नामान्तरण कराने की शिकायत पर दस्तावेज प्रस्तुत करने वाले के विरूद्ध पुलिस प्राथमिकी कार्यवाही प्रस्तावित करें जिसमें प्रति सप्ताह कार्यो की प्रगति की भी समीक्षा करने, नगरीय निकायों मे पेंशनरों के जीवित प्रमाण पत्रों को पोर्टल के डेस बोर्ड पर दर्ज करने के निर्देश ई नगर पालिका अधिकारी को निर्देश जारी किये गये। बैठक में मान. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 13 नवंबर के कार्यक्रम मे नगर निगम संबंधित कार्यो को समस्त विभागों को टीम वर्क के साथ कार्य करने के निर्देश दिये गये। बैठक मे निगम उपायुक्त देवबाला पिपलिया, आरती खेडेकर, उपायुक्त वित्त दीपक पटेल, प्र. कार्यपालन यंत्री जगदीश वर्मा, सहायक यंत्री दिनेश चौहान, मुशाहीद हन्फी, कार्यालय अधीक्षक अशोक देशमुख, उपयंत्री पलक श्रीवास्तव, राजस्व अधिकारी राम ठाकुर, स्वच्छता निरीक्षक भूषण पवार, हरेन्द्र सिंह ठाकुर, ओमप्रकाश पथरोड, रवि गोयनार, प्रवीण पाठक आदि थे।

**एक नजर** — पहुंच मार्ग सुलभ होने से चलेगा व्यापार

## वैश्विक धरोहर कावड़िया पर्वत को सड़क मार्ग और सुविधा की दरकार

**बागली।** बागली मुख्यालय से 60 किलोमीटर दूर एवं पोटला ग्राम पंचायत से जंगल रास्ते से 3 किलोमीटर दूर वैश्विक धरोहर कावड़िया पर्वत वर्तमान में दुर्गम रास्ते के कारण आम पर्यटकों की पहुंच से दूर है। हालांकि वन विभाग द्वारा इको पर्यटक के रूप में इसकी देखभाल करने का जिम्मा लिया है। लेकिन रास्ता दुर्गम होने की वजह से वर्ष के 6 महीने तक कहां पहुंचने में बहुत



परेशानी आती है विशेष कर बारिश के दिनों में यह धरोहर 3 किलोमीटर क्षेत्रफल में फैली हुई है। यहां पर विभिन्न आकृति में 5 फीट से 8 फीट लंबे तथा ढाई से 3 फीट गोलाइ में चतुष्कोण पंचकोंण षटकोंण आकृति में प्राकृतिक रूप से जमे हुए हैं। इन्हें पत्थर से टकराने पर धातु स्वरूप आवाज आती है कुछ लोगों का मानना है कि इसकी जांच हो तो इस पत्थर में कई प्रकार की धातु मिली हुई है जिसमें बहुमूल्य धातु सोना भी है।

यहां तक पहुंच मार्ग सुलभ हो जाएगा तो स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिलेगा कुछ दुकानें भी संचालित हो सकती है और यातायात का साधन भी रोजगार का जरिया बन सकता है।

## फरार आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर दिया ज्ञापन

**भौरासा।** नेवरी फाटा स्थित बाबा खाटू श्याम मंदिर सेवा समिति के सदस्य सैकड़ो की तादात में देवास पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे जहां पर उनके द्वारा पुलिस अधीक्षक पुनीत गहलोत को एक ज्ञापन सोपा गया ज्ञापन में पूर्व में हुई खाटू श्याम मंदिर पर 14 -15 सितंबर की दरमियान रात्रि को खाटू श्याम मंदिर नेवरी फाटे से बदमाश मंदिर के पीछे के दीवार को कुद कर दान पेटी का ताला तोड़कर के नदी राशि चुराकर ले गए थे इसके बाद पिछले दिनों देवास पुलिस अधीक्षक द्वारा खुलासा कर आरोपी दिनेश प्रजापति, माखान सिंह दागी, को गिरफ्तार कर एक अन्य फरार चल रहे आरोपी विशाल विश्वकर्मा निवासी ग्राम खाईखेड़ा थाना अहमदपुर जिला सीहोर अभी फरार चल रहा है वहीं इन दो आरोपियों के पास से पुलिस द्वारा 10139 रुपए जप्त किए गए थे जबकि एक आरोपी फरार चल रहा विशाल विश्वकर्मा अभी तक पुलिस गिरफ्त से दूर है जिसकी गिरफ्तारी आज दिनांक तक नहीं हो पाई है वहीं मंदिर से चोरी गए रुपए तीन से चार लाख रुपए की राशि अभी तक उपलब्ध नहीं हो पाई है वही फरार चल रहे हैं आरोपी की जल्द से जल्द गिरफ्तारी हो व रुपया इन अपराधियों से वसूल कर मंदिर समिति को वापस दी जाए ।